# निराई माता के दर्शन में हजारों की रहेगी भीड़, नवरात के पहली रविवार को मनाया जाता है जात्रा

**गरियाबंद । आरएनएस**

जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम मोहरा से लगे माता निराई धाम में रविवार के सुबह पांच बजे से ही हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ दर्शन को लेकर जमा हो गया था।ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम मोहेरा के सैकड़ो फिट ऊपर विराजमान माता निराई पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी प्रसिद्धि लिए हुए जहाँ लोग अपनी मिन्नत लेकर वर्ष भर आते है और मिन्नत पूरी होने पर चैत्र नवरात के पहले रविवार को जात्रा मनाया जाता है उस अवसर पर भक्त अपनी श्रद्धा से नारियल नींबू दसमत फूल और फल चढ़ाकर अपनी आस्था प्रकट करते है।उसी के तहत आज नवरात का पहला रविवार होने के चपते हजारों लोग सुबह पांच बजे से ही माता के दर्शन और प्रसाद चढ़ाने माता के स्थान में जुटे दिखेंगे।

निराई माता का पहला दर्शन-साल में सिर्फ 5 घंटे के लिए खुलता है ये मंदिर,स्वयं प्रज्जवलित होती है ज्योत,

देश के अन्य मंदिरों में जहां दिन भर माता रानी के दर्शन होते हैं,वहीं यहां माता निराई में सुबह 4 से 9 बजे तक यानी केवल 5 घंटे ही माता के दर्शन किए जा सकते हैं।केवल 5 घंटे के लिए खुलने वाले मंदिर में दर्शन करने हर साल हजारों लोग पहुंचते हैं।इस देवी मंदिर की विशेषता यह है कि यहां हर साल चैत्र नवरात्र के दौरान स्वत: ही ज्योति प्रज्वलित होती है। इस दैवीय चमत्कार की वजह से लोग देवी के प्रति अपार श्रद्धा रखते हैं।



**बिना तेल और घी के जलता है इस मंदिर में नौ दिन ज्योत-** निराई माता का मंदिर जहाँ स्वयं प्रज्जवलित होती है। ज्योत निराई माता का मंदिर जिसकी खासियत यह है कि हर साल चैत्र नवरात्रि के दौरान देवी स्थल पहाडिय़ों में अपने आप से नौ दिन ज्योत प्रज्वल्लित होती है। ज्योत कैसे प्रज्वल्लित होती है,यह आज तक एक रहस्य बना हुआ है.अपने आप प्रज्जवलित होने वाली ज्योत को लेकर लोगों की मान्यता है कि यह सब निराई देवी का ही चमत्कार है इसलिए चैत्र नवरात्रि में पूरे नौ दिन तक बिना तेल घी के ही ज्योत जलती रहती है।यह एक प्राचीन मंदिर है निरई माता मंदिर।यह मंदिर छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर स्थित है।जिला मुख्यालय से 10 कि.मी. दूर सोढ़ूल,पैरी नदी के तट पर बसे ग्राम पंचायत मोहेरा के आश्रित ग्राम निरई की पहाड़ी पर विराजमान निरई माता श्रद्धालुओं एवं भक्तों का आस्था व आकर्षण का केंद्र है।यह मंदिर देवी भक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र है।निरई माता मंदिर में सिंदूर, सुहाग, शृंगार, कुमकुम, गुलाल, बंदन नहीं चढ़ाया जाता है,वही नारियल और अगरबत्ती से माता को मनाया जाता है।

**माता पर लोगों का अटूट विश्वास-** इस पहाड़ी पर बसनेवाली माता निराई के लिए लोगों में अपार श्रद्धा और विश्वास है।इस मंदिर में महिलाओं को प्रवेश और पूजा-पाठ की इजाजत नहीं हैं,यहां केवल पुरुष पूजा-पाठ की रीतियों को निभाते हैं. महिलाओं के लिए इस मंदिर का प्रसाद खाना भी वर्जित है,खा लेने पर कुछ न कुछ अनहोनी हो जाती है.

**निरई माता मनोवांछित फल देने वाली माता-** माना जाता है कि निरई माता मनोवांछित फल देने वाली हैं।प्राकृतिक छटा के बीच चारों ओर फैली पर्वत शृंखलाओं व पर्वत की चोटी पर स्थित निरई माता भक्तों को भय एवं दुखों से दूर रखती है।माता की बुराई या शराब सेवन किए हुए व्यक्ति को मधुमक्खियों का कोप भाजन बनना पड़ता है।वर्ष में एक दिन ही माता निरई के दरवाजे आम लोगों के लिए खोले जाते हैं।

**साल में सिफर् 5 घंटे होते है माता के दर्शन-** यह मंदिर अंचल के देवी भक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र है।निरई माता में सिंदूर,सुहाग,श्रृंगार,कुमकुम, गुलाल,बंदन नहीं चढ़ाया जाता।नारियल,अगरबत्ती,से माता को मनाया जाता हैं।

## मां दंतेश्वरी मंदिर कॉरिडोर परिसर में मिनी कार्निवल ने जमाया रंग

**लोकनृत्यों, इंडोर खेल, जादुई करतब से लेकर फैंसी ड्रेस, मेहन्दी, रंगोली, हस्ताक्षर अभियान, लोक गायनों से दिया गया शत प्रतिशत मतदान का संदेश**

**दंतेवाड़ा । आरएनएस**

13 अप्रैल शनिवार को मां दंतेश्वरी मंदिर कॉरिडोर परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मिनी कार्निवल की धूम रही। जिला प्रशासन द्वारा मतदान जागरूकता मिनी कार्निवल के तहत कॉरिडोर स्थल पर रंगारंग कार्यक्रम जैसे लोकनृत्यों, इंडोर खेल, जादुई करतब से लेकर फैंसी ड्रेस, मेहन्दी, रंगोली, लोक गायनों की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों छात्र-छात्राओं लोक नर्तक दलों तथा कर्मचारियों द्वारा दी गई। इस क्रम में मंदिर के सामने मुख्य सडक़ पर ''वोट हमारा है अनमोल कभी ना लेंगे इसका मोल, आओ मिलकर अलख जगाए, सब मिलकर मतदान कराये, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, जन-जन का यह नारा है मतदान अधिकार हमारा है, वोट पंडुम, शत प्रतिशत मतदान है, लोकतंत्र की शान है जैसे स्लोगनों और नारो से लिखे गये थे। और परिसर को रंगोली से सुसज्जित किया गया था। इसी प्रकार एक ओर तो संगीत के धुन पर छात्र-छात्राओं द्वारा जुम्बा नृत्य का प्रदर्शन किया गया। वही दूसरी ओर इंडोर खेल के तहत मितानिनें कुर्सी दौड़ में भाग ले रही थी। इसके अलावा मेहंदी एवं रंगोली सजाओ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी अपना हुनर दिखाया। जिसमें मुख्य थीम मतदान जागरूकता को ध्यान में रखते हुए महिलाओं ने मेहंदी से वोट देवें रचाकर मतदान का संदेश दिया। कॉरिडोर में 'सेल्फी जोन' भी स्थापित थे जहां लोग मतदान के प्रति भागीदारी और संकल्प के साथ सेल्फी लेकर अपना सहभागिता दिखाने के साथ-साथ हस्ताक्षर अभियान के तहत बैनरों में हस्ताक्षर कर मतदान के प्रति संकल्प जाहिर किया। इसके अलावा जिला कार्यालय पदस्थ शिवशंकर राव द्वारा हाथ की सफाई के साथ जादुई खेलों का प्रदर्शन कार्निवल का मुख्य आकर्षण रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गायत्री विद्यापीठ ने नुक्कड़ नाटक और गीत, शासकीय कन्या परिसर पातरराास एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने लोक नृत्य, स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रों ने, डमी मतदान केंद्र एवं वोट डालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को मतदान के महत्व को समझाया। इसके अलावा लोक नर्तक दलों में मोखपाल ग्राम के लोक नर्तक दल ने उत्साहपूर्ण नृत्यों और रंग बिरंगे वेशभूषा में सजे धजे छात्र-छात्राओं के फैंसी ड्रेस प्रस्तुतियों ने भी लोगों का दिल जीत लिया। मिनी कार्निवल के अंत में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कार्निवल में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों और लोक नर्तक दलों को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया और कलेक्टर ने इसके साथ ही मौजूद लोगों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्व रंजन, संयुक्त कलेक्टर हिमांचल साहू, उप निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी सहित निवार्चन दायित्वों से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दुर्घटनाग्रस्त मार्गों को चिन्हित कर हादसा रोकने हो रही कोशिश

**कोरबा । आरएनएस**

जिले में दुर्घटनाग्रस्त मार्गों को चिन्हित कर एक ओर जहां समिति बनाने का निर्णय लिया गया है वहीं दूसरी ओर आज दोपहर को पोड़ी उपरोड़ा बीएमओ की उपस्थिति में लोगों को जागरूक कर उन्हें प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा ताकि समय रहते लोगों का इलाज किया जा सके।

इस संबंध में जानकारी देते हुए बांगो थाने के प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद खूंटे ने बताया कि बीएमओ पोड़ी उपरोड़ा इस अवसर पर वहां उपस्थित रहकर आम लोगों को आवश्यक जानकारी देते हुए दुर्घटना में प्रभावित लोगों को प्रारंभिक उपचार संबंधी प्रशिक्षण भी देंगे। इसके अलावा आज दोपहर को दुर्घटना प्रभावित मार्गों के किनारे पडने वाले गांवों के सरपंचों, कोटवारों के अलावा मितानीनों को भी उनकी जानकारी लेने के साथ ही उनसे फोन नंबर की भी बकायदा जानकारी रखेंगे ताकि कहीं किसी तरह की बड़ी घटना या हादसा होने पर तत्काल लोगों को सुविधा मुहैया कराई जा सके। बांगो थाना प्रभारी खूंटे ने यह भी जानकारी दी है कि आज से कटघोरा से मोरगा तक आने वाले ज्यादा दुर्घटना प्रभावित मार्गों का भी ब्यौरा एकत्रित किया जा रहा है। जिससे कि इस मार्ग पर लोगों को दुर्घटनाओं से बचाव में मदद दी जा सके।

मेडिकल कैंप

## 210 दिव्यांगों का बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी के नेतृत्व में सारंगढ़ के सामुदायिक अस्पताल में द्वितीय शनिवार को मेडिकल कैंप आयोजित हुआ। इस कैंप में 271 दिव्यांगों का पंजीयन हुआ, जिसमें 210 दिव्यांगों का यूडीआईडी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनेगा। इस जांच टीम में जिला मेडिकल बोर्ड रायगढ़ के डॉ अशोक कुमार अग्रवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ मीना पटेल, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ दिनेश पटेल, अस्थि रोग विशेषज्ञ, चक्रधर पटेल, ऑडियो मेट्री टेक्नीशियन, नेल्सन गुप्ता, श्रवण बाधित, तकनीकी सहायक, शिवा बरेठ, कार्यालय सहायक, वेद प्रकाश साव, यूडीआईडी तकनीकी ऑपरेटर का विशेष योगदान रहा।

## व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी ने सारंगढ़ में की बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी सारंगढ़ के दौरे में रहे। रायगढ़ से आते वक्त वे टिमरलगा स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) का निरीक्षण किए। इसके बाद व्यय प्रेक्षक ने कलेक्टोरेट सारंगढ़ में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू से मुलाकात किया। इस दौरान वे सभाकक्ष में जिले के व्यय अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी अधिकारियों ने अपने कार्य के संबंध में व्यय प्रेक्षक को जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि कोई भी समस्या हो तो अवगत कराएं। आप सभी ने विधानसभा चुनाव के दौरान कार्य किया है तो कोई परेशानी नहीं आएगा। एसएसटी, एफएसटी और वीएसटी टीम के जांच कार्य ऐसा होना चाहिए जिससे आम जनता भयभीत नहीं हो। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, जिला कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, लाइजनिंग अधिकारी शैलेन्द्र वर्मा, एच.डी. भारद्वाज, नोडल अधिकारी एमसीएमसी देवराम यादव, सहायक कोषालय अधिकारी हरि पटेल, प्राचार्य, सेजेस सारंगढ़ सुदीप्त प्रधान आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी आईडीएएस सर्विस के 2010 बैच के अधिकारी हैं।

## मोबाइल वापस लेने के चक्कर में स्कूल वैन खंभे से भिड़ी, कई बच्चे हुए घायल

**कोरबा । आरएनएस**

सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। रास्तों पर इस प्रकार के साइन बोर्ड आपने जरूर देखें होंगे, जिन्हें वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए लगाया जाता है। इसके अलावा भी कुछ और कारणों से घटनाएं हो जाती है। बच्चों के हाथ में पड़े अपने मोबाइल को चालक द्वारा मांगने के चक्कर में सेंट थॉमस स्कूल के लिए कुछ पालकों के द्वारा अनुबंधित एक स्कूल वैन बिजली खंभे से जा भिड़ी। घटना में कुछ बच्चे घायल हुए हैं। गेवरा के एनसीएच में उन्हें भर्ती कराया गया है।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त स्कूल वैन कोरबा जिले के तिवरता गांव के कारोबारी अग्रवाल की बताई गई है। लंबे समय से इसके जरिए आसपास के कई विद्यार्थियों को प्रगति नगर स्थित मिशनरी स्कूल लाने-ले-जाने का काम किया जा रहा था। बताया गया कि इन दिनों सरकार के आदेश पर दोनों पालियों में स्कूल सुबह 7.30 से 11.30 तक चल रहे हैं। पूर्ण अवकाश के बाद सेंट थॉमस के छात्रों को लेकर स्कूल वैन अपने मार्ग पर जा रही थी। सामने की तरफ बैठे बच्चों ने वैन चालक का मोबाइल जबरिया ले लिया और उसमें व्यस्त हो गए। सुरक्षा कारणों से चालक ने बच्चों से मोबाइल वापस करने को कहा। इसी दौरान असावधानी होने पर स्टेयरिंग से नियंत्रण कमजोर हुआ और अगले क्षण सामने लगे बिजली खंभे से वैन जा टकराई। घटना में स्कूल वैन का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है जबकि चालक सहित कई बच्चों को अलग-अलग हिस्सों में चोटें आई है। घटना के बाद यहां चीख-पुकार की स्थिति मच गई। आसपास के लोगों की मदद से पीडितों को फौरन एनसीएच गेवरा भिजवाया गया। पुलिस को इस बारे में जानकारी दी गई है। उक्तानुसार आगे कार्रवाई करने की बात की गई है।

## डाक मतपत्र में मतदान करने के लिए 16 अप्रैल तक फॉर्म भर सकेंगे जिले के अनिवार्य सेवा कर्मी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को "अनिवार्य सेवा" के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होता है। ऐसे में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कर्मियों को अधिसूचना दिनांक 12 अप्रैल 2024 से 16 अप्रैल 2024 तक करना होगा। 17 अप्रैल को रामनवमी होने के कारण शासकीय अवकाश है। सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए फॉर्म 12घ जमा कर सकते हैं। प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नम्बर, वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करनी होगी। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी की अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप्प का उपयोग किया जा सकता है जिसमे वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। जिला स्तर पर नोडल अधिकारीयों को फॉर्म 12घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा।





नियत समयावधि तक प्राप्त सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए लगातार 3 दिनों तक सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर की स्थापना की सूचना से निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा ताकि वे मतदान की कार्यवाही के दौरान स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहकर इसका अवलोकन कर सकें।

इसके साथ ही सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। प्रत्येक दिवस मतदान उपरान्त पोस्टल वोटिंग सेण्टर से प्राप्त सभी डाक मतपत्रों को ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम में रख कर मतपेटी को सील किया जाएगा।फॉर्म 12घ में आवेदन प्राप्त होने और इसके स्वीकृत होने पर मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापना की तिथि एवं स्थान सम्बन्धी सूचना प्रदान की जाएगी जिससे कि वे आकर अपना मतदान कर सकें। ऐसे सभी मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। इसलिए इन सेवाओं के ऐसे व्यक्ति जो मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर अपना वोट डालने में सक्षम है उन्हें इस सुविधा की पात्रता नहीं होगी और उन्हें आवेदन फॉर्म 12घ नहीं भरना होगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

महत्वपूर्ण एवं खास

### निष्पक्ष मतदान के लिए सीमाओं पर स्थैतिक दल के साथ पुलिस की कड़ी निगरानी

**रायगढ़।** लोकसभा चुनाव जिले में निष्पक्ष रूप से भय और प्रलोभन मुक्त सम्पन्न किये जाने जिला प्रशासन एवं पुलिस कानून व्यवस्था स्थिति की समीक्षा और आकलन कर अवैध गतिविधियों, जब्ती की रोकथाम और अंतर-राज्य और अंतर जिला सीमाओं पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने स्थैतिक निगरानी दल लगाया गया है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस, उड़नदस्ता व अन्य शासकीय एजेंसियां सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा थाना, चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र के अंतर्राज्यीय और अंतर जिला चेक पोस्ट की समय-समय पर निरीक्षण करने एवं स्थैतिक निगरानी दल (SST) में लगे अधिकारीगण व जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश देने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में आज सभी थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र के चेक पोस्ट जाकर जांच कार्यवाही चेक किये तथा एसएसटी टीम को अवैध शराब, नकदी, नशीली दवाओं के प्रवाह को रोकने लगातार कड़ी निगरानी के निर्देश दिये। थाना प्रभारीगण सीमावर्ती उड़ीसा राज्य के पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा और सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्यवाही को लेकर चर्चा किया गया।

### बदमाश को छुड़वाने भीड़ पहुंची थाने में, पुलिस ने दी समझाईश

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के मुजगहन थाने में जमकर हंगामा मचाया। यहां शराब बिक्री और सट्टा संचालन करने वाले आसकरण नामक बदमाश को छुड़वाने के लिए भीड़ थाने पहुंच गई और हंगामा किया। इतना ही नहीं थाने पहुंचे लोगों ने आरोपियों के जेल से छुटते ही देख लेने की धमकी देते हुए जमकर गालियों की बौछार की। अवैध जुआ संचालन और शराब बिक्री के गिरफ्तार दूसरे आरोपी छोटू बंजारे को भी छुड़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे। मामले की गंभीरता को समझते हुए मुजगहन थाना में ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर, सीएसपी, आरआई, टीआई समेत अतिरिक्त बल मौजूद था। पूरे मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर ने कहा कि लगातार इस क्षेत्र में शराब बिक्री का मामला सामने आया था। जिसको लेकर आरोपी छोटू बंजारे और उसके अन्य और साथी है, जहां पुलिस टीम पहुंची थी। उसको लेकर आए थे। जिसके बाद परिजन थाने आए थे, जिन्हे समझा बुझा कर वापस भेजा हो गया है।

### शराब के नशे में युवक जा गिरा कुएं में, रेस्क्यू कर निकाला बाहर

**कोरबा (आरएनएस)।** राताखार क्षेत्र में रहने वाला एक युवक बाल बाल बच गया। शराब के नशे में युवक शनि अहुजा राताखार शराब दुकान परिसर में मौजूद कुंए में गिर गया। रात करीब 11 बजे शराब दुकान के कर्मचारियों को युवक के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी तब वे हरकत में आए और पुलिस और बिजली सब स्टेशन के कर्मचारियों की सहायता से रस्सी के सहारे उसे बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार कोरबा में कोतवाली थानांतर्गत बीती रात राताखार स्थित शराब दुकान परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई,जब शराब के नशे में एक युवक मौके पर मौजूद 20 फिट गहरे कुंए में जा गिरा। रात करीब 11 बजे शराब दुकान के कर्मचारियों को युवक के चिल्लाने की आवज सुनाई दी, जिसके बाद वे बाहर निकले तब उन्होंने युवक को कुंए में गिरा हुआ पाया। युवक का नाम शनि आहुजा है और वो रामसागर पारा का निवासी है। शराब दुकान के कर्मचारियों ने युवक के रेस्क्यु के लिए डायल 112 को सूचना दी,मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम और कोतवाली पुलिस ने तुलसी नगर स्थित सब स्टेशन के कर्मचारियों की सहायता से युवक को बाहर निकाला ,तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।